चार्ल्ज़ वेस्टन स्कूल कूम्ज़ पी & सी संस्था

प्रश्न व उत्तर

पी & सी क्या होता हैं?

अधिकाँश स्कूलों में माता-पिता का समूह होता हैं जो स्कूल समुदाय की आवाज़ का प्रतिनिधित्व करता हैं।

चार्ल्ज़ वेस्टन में इस समूह को पी & सी संस्था कहते हैं, जिसका अर्थ होता हैं माता-पिता व नागरिक। स्कूल व समुदाय से संबंधित मामलों पर चर्चा करने के लिए हम माता-पिताओं के लिए मिटिंग करते हैं।

पी & सी के सदस्य कोंन होते हैं?

चार्ल्ज़ वेस्टन में बच्चों के सभी माता-पिता व देखभाल कर्ता स्वतः ही पी & सी के सदस्य होते हैं।

पी & सी कमेटी क्या होती हैं?

पी & सी कमेटी में माता-पिता या देखभाल करने वाले स्वयंसेवी होते हैं जो इस समूह को चलाने में सहायता प्रदान करते हैं। माता-पिता या देखभाल कर्ता अपने आप को नामित करते हैं ओंर कमेटी के पदों के लिए 12 महीनों के लिए चुने जाते हैं। कमेटी में जो पद उपलब्ध हैं वे हैं:

आवश्यक पद	वैंकल्पिक
सभापति	जनरल कमेटी के सदस्य
उप-सभापति	संचार अधिकारी
सचिव	काउंसिल डेलिगेट
कोषाध्यक्ष	अनुदान जमा करने वाला संयोजक
पब्लिक अधिकारी	

पी & सी कब मिलती हैं?

हम हर सत्र में सप्ताह 3 व 8 के मंगलवार को मिलते हैं। इनके बारे में स्कूल के समाचार-पत्र व पी & सी के फ़ेसबुक पेज पर विज्ञापन दिया जाता हैं। कोई भी माता-पिता या देखभाल कर्ता इसमें शामिल हो सकता हैं।

इन मीटिंगज़ में गतिविधियों, कार्यक्रमों व हम स्कूल में किस प्रकार योगदान दे सकते हैं इस पर बातचीत होती हैं व फ़ेंसले किए जाते हैं।

मीटिंगज़ शाम 7 बजे कम्यूनिटी रूम में या वीडियो कॉन्फ़रेन्स द्वारा की जाती हैं।

हमें Facebook **@CWSCParents** पर देखें

पी & सी की भूमिका क्या हैं?

पी & सी, माता-पिता व देखभाल कर्ताओं को स्कूल समुदाय में हिस्सा लेने के लिए आकर्षित करके, स्कूल को समुदाय की सहायता प्रदान करती हैं। हम स्कूल व विद्यार्थियों को सहायता देने के लिए कार्यक्रम व अनुदान इकट्ठा करने की गतिविधियाँ करते हैं।

स्कूल में एकत्रित कपड़ों की व्यवस्था (school clothing pool) को चलाना भी हमारी ज़िम्मेदारी हैं।

स्कूल बोर्ड से पी & सी किस प्रकार भिन्न हैं?

हर ACT सरकारी स्कूल में स्कूल बोर्ड होता हैं ---- एक ऐसी समिति जहाँ माता-पिता, देखभाल कर्ता, स्टाफ़ व विद्यार्थी अपने स्कूल के बारे में निर्णय लेने में हिस्सा ले सकते हैं। वास्तव में बोर्ड स्कूल के लिए एक नीति बनाने वाली समिति के रूप में काम करता हैं।

स्कूल बोर्ड प्रति वर्ष कम से कम चार बार मिलता हैं ओंर पदों का चुनाव किया जाता हैं। बोर्ड के लिए चुने गए सदस्य कम से कम 12 महीनों के लिए काम करते हैं पर 24 महीनों से अधिक नहीं।

पी & सी, बोर्ड के साथ भागीदारी में काम करती हैं ओंर अक्सर मामलों को बोर्ड द्वारा सोच-विचार करने के लिए भेजती हैं।

कपड़ों का पूल क्या होता हैं?

कपड़ों का पूल ऐसा मौंका होता हैं कि परिवार पहले उपयोग किए गए यूनिफ़ार्म ख़रीद सकते हैं। हम माता-पिता व देखभाल कर्ताओं के लिए नियमित रूप से कपड़ों के पूल में सस्ते दामों पर बिक्री करते हैं कि वे स्कूल आकर पहले उपयोग किए गए यूनिफ़ार्म देखें ओंर कम दामों पर ख़रीदें।

पी & सी ऐसे परिवारों को ख़ुशी से मदद करती हैं जिनके लिए स्कूल यूनिफ़ार्म ख़रीदना आर्थिक रूप से कठिन होता हैं।

में पहले उपयोग की गई स्कूल यूनिफ़ार्म कब ख़रीद सकता\सकती हूँ ?

हम हर सत्र में स्कूल में कपड़ों का पूल खोलते हैं। कपड़ों के पूल में बिक्री की तिथी व समय का विज्ञापन स्कूल के सामाचार-पत्र व पी & सी Facebook पेज पर दिया जाता हैं।

क्या में कपड़ों के पूल में कपड़े दान के रूप में दे सकता\सकती हूँ ?

हम सभी माता-पिता व देखभाल कर्ताओं को प्रोत्साहित करते हैं कि वे पहले उपयोग किए गए यूनिफ़ार्म, जो अच्छी हालत में हैं, कपड़ों के पूल में दान के रूप में दें। इस प्रकार आप पी & सी व स्कूल के लिए आवश्यक धन एकत्रित करने में सहायता करेंगे।

आप कपड़ों के पूल के लिए कपड़ों का दान स्कूल के ऑफ़िस में दे सकते हैं।

पी & सी ओंर क्या अन्य काम करती हैं?

हम समुदाय द्वारा हिस्सा लेने व धन इकट्ठा करने के अवसरों के बारे में नए विचारों का स्वागत करते हैं। हम विद्यार्थियों व परिवारों के लिए कई कार्यक्रम चलाते हैं व कई सेवाएँ प्रदान करते हैं। पिछली गतिविधियों में निम्नलिखित शामिल की गई थीं:

- स्कूल डिस्को
- नए माता-पिताओं के स्वागत के लिए उपहार
- अध्यापकों को धन्यवाद देने के लिए उपहार
- स्वागत के लिए पिकनिक व चुनाव बारबीक्यू
- ट्रिविया (Trivia) खेलने के लिए एक रात
- माता व पिता दिवस (Mothers & Fathers Day) पर नाश्ता व उपहार स्टाल लगाना
- समुदाय द्वारा इसाई गीत (Carols) गाने के समय बिस्कुट सजाने का व उपहार का स्टाल लगाना
- पड़ोसी दिवस
- धन इकट्ठा करने संबंधी कार्यक्रम के विषय में विद्यार्थी संसद के साथ काम करना

में स्वयं-सेवा किस प्रकार कर सकता\सकती हूँ?

हमारे स्कूल को सहायता देने में आप कई तरह से स्वयं-सेवा कर सकते हैं। कुछ लोग निम्नलिखित प्रदान करते हैं:

- कपड़ों के पूल के लिए यूनिफ़ार्म को धोना व छाँटना
- धन एकत्रित करने के कार्यक्रमों के लिए अवन में भोजन पकाना
- सामुदायिक बारबीक्यू में खाना पकाना
- कार्यक्रमों में भोजन परोसना
- कार्यक्रम आयोजित करना

में पी & सी में हिस्सा लेने के लिए क्या कर सकता\सकती हूँ ?

आपके हिस्सा लेने के लिए कई तरीके हैं:

- किसी मीटिंग में आएँ
- हमारे कार्यक्रमों व गतिविधियों को सहायता दें
- धन एकत्रित करने संबंधी अपने विचार हमें बताएँ
- सहायता देने के लिए स्वयं-सेवा करें

में पी & सी से संपर्क कैसे कर सकता\सकती हूँ?

हम आपके विचार व फ़ीडबेक जानने के लिए उत्सुक हैं। हम आपको किसी भी मीटिंग में आने के लिए निमंत्रण देते हैं – प्रत्येक व्यक्ति का स्वागत हैं।

आप पी & सी को **charleswestonparents@gmail.com** पर ईमेल द्वारा संपर्क कर सकते हैं।

यदि मेरी कोई समस्या हैं या मुझे कोई चिन्ता हैं - तो में किसको बताऊँ?

यदि समस्या या चिन्ता पी & सी के बारे में हैं तो आप हमें ईमेल करें या मीटिंग में उसके बारे में बात करें, हम इसका स्वागत करेंगे।

स्कूल की नीतियों या योजनाओं की समस्याओं के बारे में आपको स्कूल बोर्ड या प्रधानाचार्य से **charlesweston@ed.act.edu.au** पर ईमेल द्वारा संपर्क करना चाहिए।

आपके बच्चे से संबंधित मामलों के लिए कृपया उसकी अध्यापिका से ईमेल द्वारा इस पते पर इसी प्रारूप का उपयोग करके संपर्क करना चाहिए: **firstname.lastname@ed.act.edu.au**

सभी ईमेलज़ का उत्तर पाने में कृपया 48 घन्टे का समय दें।

अन्य परिवारों से मिलने में व Charles Weston School समुदाय से संबंध बनाने के लिए पी & सी सबसे अच्छा तरीका हैं।

अत्यावश्यक जानकारियाँ

किसी अत्यावश्यक स्थिति में कृपया स्कूल ऑफ़िस को 02 6142 0404 पर फ़ोन करें।

ACT Government Education